क्रम संख्या–82 (क) पंजीकरण संख्या–UA/DO/DDN/30/2024-2026

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट
भाग–4, खण्ड (क)
(सामान्य परिनियम नियम)

देहरादून, बृहस्पतिवार, 07 अगस्त, 2025 ई0
श्रावण 16, 1947 शक सम्वत्

उत्तराखण्ड शासन

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग

संख्या 164/XXVIII(6)2025/(E–77484)

देहरादून, 07 अगस्त, 2025

अधिसूचना

सा0प0नि0–12

राज्यपाल, राष्ट्रीय सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग अधिनियम, 2021 (2021 का 14) की धारा 68 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उत्तराखण्ड राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति परिषद् के कार्य संचालन हेतु निम्नलिखित नियमावली बनाते हैंः–

उत्तराखण्ड राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति परिषद् नियमावली, 2025

अध्याय– 1

सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारंभ 1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति परिषद् नियमावली, 2025 है।

(2) यह राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से लागू होगी।

परिभाषाएँ 2. (1) इस नियमावली में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, –

(क) "अधिनियम" से राष्ट्रीय सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग अधिनियम, 2021 (2021 का 14) अभिप्रेत है;

(ख) "अध्यक्ष" से राज्य परिषद् का अध्यक्ष अभिप्रेत है;

(ग) "परिषद्" से अधिनियम की धारा 22 की उपधारा (1) के अधीन गठित उत्तराखण्ड राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति परिषद् अभिप्रेत है;

(घ) "प्रपत्र" से इस नियमावली में संलग्न प्रपत्र अभिप्रेत है;

(ङ) "सरकार" से उत्तराखण्ड राज्य की सरकार अभिप्रेत है;

(च) "सदस्य" से राज्य परिषद् के सदस्य अभिप्रेत है;

(छ) "अधिसूचना" से उत्तराखण्ड राज्य सरकार के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना अभिप्रेत है;

(ज) "सचिव" से अधिनियम की धारा 28 की उपधारा (1) के अधीन नियुक्त परिषद् का सचिव अभिप्रेत है;

(झ) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है।

(2) इस नियमावली में प्रयुक्त शब्द और अभिव्यक्तियाँ जो परिभाषित नहीं हैं, किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं, का वही अर्थ होगा जो अधिनियम में इन्हें दिया गया है।

अध्याय 2

परिषद् का गठन

परिषद् का गठन

3. (1) धारा 22 की उपधारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सरकार अधिसूचना के माध्यम से परिषद् का गठन करेगी जो उत्तराखण्ड राज्य सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति परिषद् के नाम से जानी जायेगी जिसमें अध्यक्ष और सात सदस्य होगें।

(2) परिषद् का मुख्यालय देहरादून मे होगा।

(3) धारा 22 की उपधारा (3) के खण्ड (क) मे संदर्भित योग्यता और अनुभव वाला व्यक्ति परिषद् का अध्यक्ष होगा।

(4) धारा 22 की उपधारा (3) के खण्ड (ख) से (च) में संदर्भित रीति से परिषद् के सदस्यों की नियुक्ति की जायेगी ।

(5) धारा 22 की उपधारा (3) के खण्ड (ङ) और (च) के अधीन नामित सदस्य राज्य सरकार की राय में उत्कृष्ट योग्यता, प्रशासनिक क्षमता और सत्यनिष्ठा वाला व्यक्ति, जिसका नाम राज्य के संबंधित रजिस्टर में

Scanned with OKEN Scanner

पंजीकृत है और सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति के क्षेत्र में प्रतिष्ठित, किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख विज्ञान की मान्यता प्राप्त श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि धारित, सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख विज्ञान के क्षेत्र में पंद्रह साल के अनुभव वाला व्यक्ति होना चाहिए।

(6) अध्यक्ष और नामित सदस्य धारा 23 की उपधारा(1) में संदर्भित अवधि के लिए नियुक्त किये जाएंगे ।

(7) उपनियम (5) में नामित सदस्य चक्रानुक्रम में मान्यता प्राप्त सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति में से नाम के अनुसार अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम मे नियुक्त किये जाएंगे।

परिषद् के अध्यक्ष का नाम निर्देशन

4. (1) परिषद् का अध्यक्ष, तलाश–सह–चयन समिति की संस्तुति के आधार पर नाम निर्दिष्ट किया जायेगा।

(2) राज्य सरकार द्वारा गठित तलाश–सह–चयन समिति में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात्–

(एक) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग–अध्यक्ष;

(दो) कुलपति, हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय–सदस्य;

(तीन) एक विशेषज्ञ जिसका स्वयं का उत्तराखण्ड राज्य में न्यूनतम 100 बैड का चिकित्सालय हो–सदस्य;

(चार) एक विशेषज्ञ, उत्तराखण्ड राज्य से बाहर (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) से नाम निर्दिष्ट किया जायेगा–सदस्य;

(पांच) एक विशेषज्ञ, राज्य में स्थित किसी भी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में से चक्रानुक्रम में आचार्य संवर्ग से–सदस्य;

(छः) महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा–संयोजक/सदस्य।

तलाश–सह–चयन समिति के विशेषज्ञों का नाम निर्देशन

5. तलाश–सह–चयन समिति के विशेषज्ञों का नाम निर्देशन महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा द्वारा किया जायेगा जो नामों के पैनल को अनुमोदन हेतु चिकित्सा शिक्षा विभाग के मंत्री को प्रेषित करेगा जो (मंत्री) विशेषज्ञों को नामनिर्दिष्ट करने से पूर्व सूची में यथा आवश्यकता संशोधन कर सकेगा।

Scanned with OKEN Scanner

परिषद् के अध्यक्ष का नाम निर्दिष्ट करने की प्रक्रिया

6. तलाश–सह–चयन समिति द्वारा परिषद् के अध्यक्ष के नाम निर्दिष्ट करने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी–

(एक) महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा द्वारा कम से कम दो दैनिक समाचार पत्रों (हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा) में व्यापक प्रकाशन कर और साथ ही साथ वेबसाइट पर अपलोड करके आवेदन पत्र आमंत्रित किये जायेंगे।

(दो) नियत समय के भीतर प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय समिति द्वारा वांछित अर्हता धारित करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु शार्टलिस्ट किया जायेगा।

(तीन) तलाश–सह–चयन समिति चयन हेतु अपनी स्वयं की कार्यप्रणाली अवधारित करेगी तथा अपनी प्रक्रिया विनियमित करेगी जिससे सुनिश्चित किया जा सके कि चयन पारदर्शी एवं योग्यता आधारित रीति से हो।

(चार) तलाश–सह–चयन समिति प्रत्येक रिक्ति के लिए पद धारण करने हेतु उपयुक्त कम से कम तीन नामों का एक पैनल तैयार करेगी जिसके साथ एक संक्षिप्त विवरण होगा जिसमें ऐसे पैनल में सम्मिलित प्रत्येक व्यक्ति की शैक्षिक अर्हताएं तथा अन्य विशिष्टताएं दर्शायी जायेगी किन्तु उसमें वरीयता का कोई क्रम नहीं दर्शाया जायेगा। यह पैनल राज्य सरकार के माध्यम से मुख्यमंत्री के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जायेगा।

(पांच) तलाश–सह–चयन समिति द्वारा किसी व्यक्ति की संस्तुति किये जाने से पूर्व स्वयं यह समाधान कर लिया जायेगा कि ऐसे व्यक्ति का कोई ऐसा वित्तीय या अन्य हित नही है, जिससे अध्यक्ष के रूप में उसके कृत्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो।

(छः) कोई नाम निर्देशन, तलाश–सह–चयन समिति में कोई रिक्ति होने अथवा किसी सदस्य के अनुपस्थित होने मात्र से अविधिमान्य नही होगा।

(सात) मुख्यमंत्री तलाश–सह–चयन समिति द्वारा उनके समक्ष प्रस्तुत नामों के पैनल में से परिषद् के अध्यक्ष का नाम निर्दिष्ट करेंगे।

(आठ) जहां मुख्यमंत्री तलाश–सह–चयन समिति द्वारा संस्तुत एक या एक से अधिक व्यक्ति को उपयुक्त नही पाते हैं अथवा यदि संस्तुत व्यक्तियों में एक या एक से अधिक व्यक्ति उपलब्ध न हों तो वह समिति से नये नामों की सूची प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकते हैं।

Scanned with OKEN Scanner

(नौ) राज्य सरकार, मृत्यु, त्यागपत्र या पद से हटाये जाने के कारण हुई रिक्ति के दिनांक से तीन माह की अवधि के भीतर अथवा कार्यकाल समाप्त होने के तीन माह पूर्व परिषद के अध्यक्ष के नाम निर्देशन हेतु तलाश–सह–चयन समिति को निर्दिष्ट करेगी।

धारा 22 (3) खण्ड (ङ) एवं (च) के अधीन परिषद् के सदस्यों का नाम निर्देशन तथा धारा 29(2) के अधीन स्वायत्तशासी बोर्ड के सभापति/सदस्यों की नियुक्ति

7. (1) परिषद् के सदस्यों के नाम निर्देशन तथा स्वायत्तशासी बोर्ड के सभापति एवं सदस्यों की नियुक्ति के लिए महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय समिति द्वारा प्रत्येक रिक्ति के लिए तीन नामों का पैनल तैयार किया जायेगा और उसे चिकित्सा शिक्षा विभाग के मंत्री को प्रेषित किया जायेगा, जिनके द्वारा पैनल के नामों में यथा आवश्यकता संशोधन किया जा सकेगा।

(2) महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा पारदर्शी एवं योग्यता आधारित रीति से पैनल तैयार करने हेतु अपनी कार्यप्रणाली अवधारित करेगा तथा अपनी प्रक्रिया स्वयं विनियमित करेगा।

(3) महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा द्वारा तैयार किये गये नामों के पैनल में ऐसा संक्षिप्त विवरण होगा जिसमें ऐसे पैनल में सम्मिलित प्रत्येक व्यक्ति की शैक्षणिक अर्हताएं तथा अन्य विशिष्टताएं दर्शायी जायेंगी।

(4) महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा यह सुनिश्चित करेगा कि ऐसा व्यक्ति जिसका नाम पैनल में सम्मिलित है, का ऐसा कोई वित्तीय या अन्य हित न हो जिससे सभापति/सदस्य के रूप में उसके कृत्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो।

(5) मंत्री, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा द्वारा प्रस्तुत नामों के पैनल में से परिषद् के सदस्यों को नाम निर्दिष्ट करेंगे तथा स्वायत्तशासी बोर्ड के सदस्य की नियुक्ति करेंगे।

(6) राज्य सरकार, मृत्यु, त्यागपत्र या पद से हटाये जाने के कारण हुई किसी रिक्ति के दिनांक से तीन माह के भीतर अथवा कार्यकाल समाप्त होने के तीन माह पूर्व, स्वायत्तशासी बोर्ड/परिषद् के सभापति/सदस्य की नियुक्ति/नामनिर्देशन हेतु महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा को निर्दिष्ट करेगी।

धारा 22(3)(ङ) के अधीन सदस्य की अर्हता

8. धारा 22 की उपधारा (3) के खण्ड (ङ) के अधीन परिषद का सदस्य उत्कृष्ट योग्यता, सिद्ध प्रशासनिक क्षमता वाला तथा सत्यनिष्ठ व्यक्ति होगा जो किसी विश्वविद्यालय के सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख विज्ञान की मान्यता प्राप्त

Scanned with OKEN Scanner

श्रेणी में स्नातक अधिमानतः स्नातकोत्तर की उपाधि धारित करता हो और जिसके पास सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख विज्ञान में पन्द्रह वर्ष से अन्यून का अनुभव हो, जिसमें से कम से कम पांच वर्ष का अनुभव सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति के क्षेत्र में एक नेतृत्वकर्ता के रूप में हो:

परन्तु यह कि अनुभव के वर्षों की गणना विज्ञान स्नातक उपाधि पूर्ण होने के पश्चात् की गयी सेवा अवधि के लिए की जायेगी।

धारा 22(3)(च) के अधीन सदस्य की अर्हता

9. धारा 22 की उपधारा (3) के खण्ड (च) के अधीन परिषद् का सदस्य ऐसा व्यक्ति होगा जो अधिमानतः तृतीयक या सुपर स्पेशलिटी अस्पताल सहित स्वास्थ्य देख–रेख प्रणाली में वहनीय स्वास्थ्य सेवा तथा शिक्षा के सीधे परिदान में संलग्न कम से कम पन्द्रह वर्ष से सक्रिय पूर्त संस्थाओं के मध्य से उत्कृष्ट योग्यता, सिद्ध प्रशासनिक क्षमता वाला तथा सत्यनिष्ठ व्यक्ति हो, जिसमें कम से कम पांच वर्ष का अनुभव सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति के क्षेत्र में नेतृत्वकर्ता के रूप में हो:

परन्तु यह कि 15 वर्ष के अनुभव प्राप्त पात्र व्यक्ति न मिलने की दशा में 10 वर्ष के अनुभव प्राप्त व्यक्ति को सदस्य बनाये जाने पर विचार किया जा सकेगा:

परन्तु अग्रेत्तर यह कि किसी संस्थान का प्रतिनिधित्व एक समय में एक से अधिक नाम निर्देशती द्वारा नहीं किया जायेगा।

स्वायत्तशासी बोर्ड

10. स्वायत्तशासी बोर्ड का सदस्य ऐसा व्यक्ति होगा जो सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख विज्ञान की मान्यता प्राप्त श्रेणी की किसी वृत्ति में स्नातकोत्तर उपाधि धारित करता हो और जिसके पास सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख क्षेत्र में दस वर्ष से कम का अनुभव न हो, जिसमें से सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्तियों के क्षेत्र में एक नेतृत्वकर्ता के रूप में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव हो और उत्कृष्ट योग्यता, सिद्ध प्रशासनिक क्षमता वाला तथा सत्यनिष्ठ हो और जो सम्बधित श्रेणी का रजिस्ट्रीकृत वृत्तिक हो।

स्वायत्तशासी बोर्ड का गठन

11. (1) राज्य परिषद्, अधिसूचना द्वारा, सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्तियों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित स्वायत्तशासी बोर्डों का गठन करेगी, अर्थात्–

(क) अंडर–ग्रेजुएट सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख बोर्ड,

(ख) स्नातकोत्तर सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख शिक्षा बोर्ड,

(ग) सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्तिक आंकलन और मूल्यांकन बोर्ड, और

(घ) सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्तिक नैतिकता और पंजीकरण बोर्ड।

Scanned with OKEN Scanner

(2) उपनियम (1) के अधीन गठित स्वायत्त बोर्डों में एक सभापति और प्रत्येक मान्यता प्राप्त श्रेणी से उतने सदस्य होंगे जो विनियमों द्वारा निर्दिष्ट किए जाएं तथा जो राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किए जाएंगे।

राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख परिषद् तथा स्वायत्तशासी बोर्ड के अध्यक्ष/सभापति तथा सदस्य का वेतन और भत्ते

12. (1) अध्यक्ष, राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के अध्यक्ष/सभापति के समकक्ष परिलब्धियां और अन्य लाभ पाने का हकदार होगा।

(2) यदि परिषद् का अध्यक्ष केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार की सेवा में हो, उसका वेतन तथा भत्ते उस पर लागू नियमों के अनुसार विनियमित होंगे। परिषद् में उसका कार्यकाल राज्य सरकार के प्रचलित नियमों के अनुसार प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण माना जायेगा।

(3) स्वायत्तशासी बोर्ड एवं परिषद् के सभापति अध्यक्ष एवं सदस्यों को समय समय पर यथाप्रयोज्य नियमों के अनुसार राज्य के वेतन मैट्रिक्स रू0 1,31,100–2,16,600 लेवल–13क के समतुल्य यात्रा भत्ते तथा दैनिक भत्ते संदत्त किए जायेंगे।

(4) अध्यक्ष, सभापति एवं सदस्य परिषद् की होने वाली अधिकतम दो अनिवार्य बैठक हेतु प्रत्येक दिन के लिये रूपया 5000/– या परिषद् द्वारा समय समय पर यथा विनिश्चित बैठक शुल्क के हकदार होंगे।

परिषद् के अध्यक्ष एवं सदस्यों की अन्य सेवा शर्ते।

13. (1) परिषद् तथा स्वायत्तशासी बोर्ड के अध्यक्ष तथा सदस्य अपना पदभार ग्रहण करने की दिनांक से दो वर्ष से अनधिक अवधि के लिए पद धारण करेंगे और अधिकतम दो कार्यकाल के लिए पुनः नाम निर्देशन हेतु पात्र होंगे।

(2) नियमित सरकारी कर्मचारी पर लागू अवकाश नियम, समेकित वेतन पर नियुक्त अध्यक्ष पर लागू नहीं होंगे। ऐसा नियुक्त व्यक्ति, एक कैलेण्डर वर्ष में आनुपातिक आधार पर बारह दिन के अवकाश का हकदार होगा।

(3) समेकित वेतन पर नियुक्त व्यक्ति से भिन्न अध्यक्ष के पद पर नामनिर्दिष्ट व्यक्ति के अवकाश तथा अन्य हक, राज्य सरकार के कर्मचारियों हेतु लागू प्रचलित नियमों या मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार होंगे।

(4) राज्य परिषद् के अध्यक्ष को अवकाश स्वीकृत करने के लिए सक्षम प्राधिकारी राज्य सरकार होगी।

(5) अध्यक्ष एवं सदस्यगण अपने भत्तो से सम्बंधित देयकों के संबंध में स्वयं नियंत्रण अधिकारी होंगे।

Scanned with OKEN Scanner

(6) परिषद् के अध्यक्ष को, आस्तियों तथा दायित्वों की विवरणी, राज्य सरकार में, समतुल्य स्तर के कर्मचारियों हेतु प्रचलित नियमों या मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार दाखिल करनी होगी।

(7) अध्यक्ष को अपनी प्रथम नियुक्ति पर तथा पद त्याग के समय इस नियमावली के साथ अनुलग्नक प्रपत्र–1 में दी गयी रीति से अपनी वृत्तिक तथा वाणिज्यिक कार्य स्थिति या सम्बद्धता भी घोषित करनी होगी।

(8) परिषद् के अध्यक्ष/सदस्य की अधिकतम आयु 65 वर्ष होगी।

परिषद् से निष्कासन और त्यागपत्र

14. अध्यक्ष/नामित सदस्य/स्वायत्तशाशी बोर्ड के सभापति एवं सदस्य जैसी भी स्थिति हो धारा 24 मे संदर्भित रीति से अपने पद से त्यागपत्र दे सकता है या हटाया जा सकता है।

आकस्मिक रिक्तियों का भरा जाना

15. जहां सामान्य क्रम में पद से त्याग पत्र देने या हटाने या मृत्यु के फलस्वरुप परिषद् मे नियुक्त अध्यक्ष या सदस्य जैसी भी स्थिति हो, का पद कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व रिक्त हो जाता है तो परिणामिक आकस्मिक रिक्ति सरकार द्वारा धारा 25 की उपधारा (2) मे संदर्भित रीति से भरी जायेगी।

रिक्तिया आदि से परिषद् की कार्यवाही आमान्य नही होगी

16. परिषद् का कोई भी कार्य या कार्यवाही केवल इस कारण अमान्य नहीं होगी कि:–

(क) परिषद् मे कोई रिक्ति या परिषद् के गठन मे कोई त्रुटि है, या

(ख) परिषद् के अध्यक्ष या सदस्य के रुप मे कार्य करने वाले किसी व्यक्ति की नियुक्ति मे कोई त्रुटि है, या

(ग) परिषद् की प्रक्रिया में कोई ऐसी अनियमितता है जो मामले की गुण–दोष को प्रभावित नही करती है।

अध्याय 2

अध्यक्ष और सदस्यों के वेतन, भत्ते तथा सेवा शर्तें

अध्यक्ष द्वारा संपत्ति और वाणिज्यिक भागीदारी की घोषणा

17. (1) अध्यक्ष संपत्ति और देनदारियों की रिटर्न इस तरह फाइल करेगा जैसा सरकार के अपर सचिव स्तर के अधिकारी पर लागू होती है।

(2) अध्यक्ष प्रपत्र–1 में अपनी प्रथम नियुवित्त तथा पद त्याग के समय की वृत्तिक और वाणिज्यिक वचनबद्ध/सम्बद्धता की घोषणा करेगा।

अवकाश स्वीकृत करने वाला प्राधिकारी

18. (1) अध्यक्ष के अवकाश स्वीकृत हेतु सक्षम प्राधिकारी सरकार के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग होंगे।

Scanned with OKEN Scanner

(2) परिषद् के सचिव के अवकाश स्वीकृत हेतु सक्षम प्राधिकारी अध्यक्ष होंगे।

नामित सदस्य की बैठक में भाग लेने हेतु दैनिक एवं अन्य भत्ता

19. (1) नामित सदस्य परिषद् की बैठक में भाग लेने के लिए पांच हजार प्रतिदिन की दर से दैनिक भत्ते का हकदार होगा।

(2) नामित सदस्य बैठक के स्थान पर आने जाने की यात्रा के लिए सरकार के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी को अनुमन्य भत्तों के समान यात्रा भत्ता पाने का हकदार होगा।

अध्याय तीन

परिषद् की शक्तियां और बैठक की प्रक्रिया

परिषद् की बैठक की प्रक्रिया

20. (1) परिषद् की बैठक देहरादून या अध्यक्ष द्वारा निर्धारित किसी उपयुक्त स्थान पर आयोजित की जाएगी ।

(2) परिषद् की एक केलेण्डर वर्ष में कम से कम दो बैठक होगी और दो बैठक के मध्य किसी भी दशा में पांच माह से अधिक का अंतर नहीं होगा।

(3) परिषद् की बैठक की अध्यक्षता धारा 26 की उपधारा (2) में संदर्भित व्यक्ति द्वारा की जाएगी।

(4) परिषद् की बैठक की गणपूर्ति अध्यक्ष सहित चार होगी।

(5) यदि परिषद् की बैठक में किसी समय गणपूर्ति नही है तो बैठक स्वतः आगामी सप्ताह उसी समय, स्थान, दिन के लिए, या यदि उस दिन राष्ट्रीय अवकाश है तब अगले दिन, उसी समय, स्थान पर जब राष्ट्रीय अवकाश नही है, के लिए स्थगित हो जाएगी।

(6) बैठक का समय, स्थान और कार्य सूची अध्यक्ष द्वारा तय किया जायेगा।

(7) सचिव, अध्यक्ष के पूर्व अनुमोदन से परिषद् की बैठक आयोजित करेगा।

(8) बैठक की सूचना कार्यसूची सहित साधारण बैठक के मामले में सात दिन और आवश्यक या विशेष बैठक के मामले में कम से कम तीन दिन पूर्व परिषद् के सदस्यों को रजिस्ट्रीकृत पते पर प्रेषित कर दी जायेगी।

(9) बैठक की सूचना और कार्यसूची दस्ती या डाक द्वारा या इलेक्ट्रानिक माध्यम से दी जायेगी।

(10) परिषद् की प्रत्येक बैठक में की गयी प्रक्रिया के कार्यवृत्त सचिव द्वारा तैयार किये जायेगा और अध्यक्ष या अध्यक्षता करने वाले सदस्य द्वारा अनुमोदित और हस्ताक्षरित किया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

(11) उपनियम (10) के अधीन हस्ताक्षरित और अनुमोदित कार्यवृत्त की प्रति परिषद् के प्रत्येक सदस्य को सचिव द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी।

(12) अध्यक्ष किसी आवश्यक या विशेष मामले से निपटने के लिए तीन दिन का नोटिस देने के पश्चात् अत्यावश्यक या विशेष बैठक बुला सकेगा:

परन्तु यह कि अत्यावश्यक या विशेष बैठक में उन्हीं विषय/विषयों पर चर्चा होगी जिनके लिए बैठक बुलाई गयी है।

(13) एक सदस्य जो किसी ऐसे प्रस्ताव को प्रस्तुत करने का आशय रखता है जो परिचालित कार्यसूची में सम्मिलित नहीं है या किसी प्रस्ताव में संशोधन को कार्यसूची में सम्मिलित किया गया है, वह सचिव को अपने आशय की सूचना साधारण बैठक के मामले में कम से कम चार स्पष्ट दिन पूर्व और अत्यावश्यक या विशेष बैठक के मामले में ऐसी बैठक के लिए निर्धारित दिनांक से एक स्पष्ट दिन पूर्व देगा। जिन संशोधनों की सूचना दी गयी है सचिव यथाशीघ्र अध्यक्ष और प्रत्येक सदस्य को उपनियम (9) में निर्दिष्ट रीति से उन सभी संशोधनों को उपलब्ध कराएंगे:

परन्तु यह कि अध्यक्ष, लिखित रूप में दर्ज किए जाने वाले कारणों से और बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से, किसी प्रस्ताव को भी इस तथ्य के बावजूद अनुमति दे सकता है, उसकी सूचना देर से प्राप्त हुई थी या कोई सूचना नहीं दी गई थी।

प्रस्ताव की ग्राह्यता

21. (1) अध्यक्ष ऐसे किसी प्रस्ताव को अस्वीकृत कर देगा –

(क) यदि वह मामला जिससे यह संबंधित है, परिषद् के कार्यों या शक्तियों के दायरे में नहीं है;

(ख) यदि वह मौलिक रूप से प्रस्ताव या संशोधन के रूप में वही प्रश्न उठाता है, जिसे उस बैठक जिसमें इसे प्रस्तावित किया जाना था, की दिनांक से ठीक पूर्व छह माह के दौरान किसी भी समय परिषद् की अनुमति से पेश या वापस ले लिया गया हो;

(ग) अगर इसमें वितर्क, अनुमान, व्यंग्यात्मक अभिव्यक्ति, लांछन या मानहानिकारक कथन सम्मिलित हैं:

परन्तु यदि किसी प्रस्ताव को संशोधन द्वारा ग्राह्य बनाया जा सकता है तो अध्यक्ष प्रस्ताव को अस्वीकार करने के स्थान पर संशोधित रूप में स्वीकार कर सकता है।

Scanned with OKEN Scanner

(2) जब अध्यक्ष ने किसी प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया हो तो सचिव ऐसी अस्वीकृति के कारणों को बताते हुए संबंधित सदस्य को सूचित करेंगे।

सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति में विशेष ज्ञान या अनुभव रखने वाले व्यक्ति को आमंत्रित करने के लिए परिषद की शक्ति

22. (1) परिषद्, यदि आवश्यक समझे, सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति में विशेष ज्ञान या अनुभव रखने वाले किसी भी व्यक्ति को अपनी बैठक में आमंत्रित कर सकती है। ऐसे व्यक्ति को विषय पर चर्चा में भाग लेने का अधिकार होगा, किन्तु परिषद् की बैठक में वोट देने का अधिकार नहीं होगा।

(2) उपनियम (1) के अंतर्गत आमंत्रित व्यक्ति बैठक में भाग लेने के लिए ऐसे भत्ते प्राप्त करने के हकदार होंगे जो नियम 19 के अंतर्गत परिषद् के नामित सदस्य के लिए स्वीकार्य हैं।

परिषद् की शक्तियाँ

23. (1) इस नियमावली एवं अधिनियम की धारा 30 के प्रावधानों के अध्यधीन परिषद् अपने मामलों के सामान्य अधीक्षण निर्देशन और नियंत्रण के लिए उत्तरदायी होगी।

(2) धारा 30 के प्रावधानों के अनुसार, परिषद्–

(क) अपने प्रशासन और कामकाज से संबंधित नीतिगत मामलों पर निर्णय लेगी;

(ख) प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए अपने वार्षिक खातों और बजट अनुमानों पर विचार करेगी और प्रस्तावों को पारित करेगी;

(ग) अनुसंधान, सेमिनार, सम्मेलनों और कार्यशालाओं के प्रयोजनों के लिए अपने पैसे का निवेश करेगी;

(घ) संस्थान द्वारा वसूले जाने वाले ट्यूशन और अन्य शुल्क हेतु मानदंड और दिशानिर्देश तय करने के लिए सरकार को सिफारिश करेगी;

(ङ) नए संस्थान की स्थापना की योजना, प्रवेश क्षमता में वृद्धि और धारा 40 में संदर्भित नए बैच के प्रवेश को स्वी कृत या अस्वीकृत करेगी;

(च) आयोग द्वारा विनियमों द्वारा निर्दिष्ट शिक्षा के मानकों के कार्यान्वयन की निगरानी करेगी और किसी भी कमी के पाये जाने पर धारा 30 के खंड (क) के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई करेगी;

(छ) सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्तिकों के राज्य रजिस्टर बनाएगी;

(ज) नए सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख विषयों के आरम्भ में नवाचार, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देगी,

Scanned with OKEN Scanner

पाठ्यक्रम, पाठ्यचर्या, भौतिक और निर्देशात्मक सुविधाएं, स्टाफ पैटर्न, स्टाफ योग्यता, गुणवत्ता निर्देश, मूल्यांकन, संकाय विकास कार्यक्रम और सतत् सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख शिक्षा के लिए मानदंड, मानक और परिषद् के द्वारा उचित समझे जाने वाले अन्य मामले निर्धारित करेगी; और

(झ) किसी भी सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख संस्था का निरीक्षण/मूल्यांकन करेगी।

(3) जहां परिषद् धारा 30 के खंड (झ) में निर्दिष्ट प्रावधानों के अनुसार उपनियम (2) के खंड (च) के अंतर्गत कार्रवाई करने का प्रस्ताव करती है, मामला परिषद् की बैठक के समक्ष लाया जाएगा और धारा 26 की उपधारा (3) में निर्दिष्ट रीति से निर्णय लिया जाएगा।

परिषद् के आदेशों और अन्य लिखतों का प्रमाणीकरण

24. परिषद् के सभी आदेशों और निर्णयों और उसके द्वारा जारी किए गए अन्य सभी विलेखों को धारा 54 में निर्दिष्ट सचिव या किसी अन्य अधिकारी के हस्ताक्षर द्वारा प्रमाणित किया जाएगा।

अध्याय 4

सचिव की नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्य

सचिव की नियुक्ति के लिए योग्यताएं और अनुभव.

25. सरकार अधिसूचना द्वारा स्वास्थ्य, सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति, शैक्षणिक, कानून या प्रशासन के क्षेत्र में केंद्रीय सेवाओं, राज्य सेवाओं, निगम या सार्वजनिक उपक्रम की सेवा में पंद्रह वर्ष का अनुभव रखने वाले प्रतिष्ठित व्यक्तियों को परिषद् का सचिव नियुक्त कर सकती है:

परन्तु यह कि उपरोक्त योग्यता वाले व्यक्ति की अनुपलब्धता की स्थिति में राज्य सरकार सचिव के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर संयुक्त सचिव स्तर के किसी अधिकारी को नियुक्त कर सकेगी, किन्तु किसी भी दशा में परिषद् का सचिव उप सचिव से न्यून स्तर का नहीं होगा।

सचिव के कार्य और कर्तव्य

26. (1) सचिव, परिषद् का प्रधान कार्यकारी अधिकारी और प्रशासनिक प्रमुख होगा, अध्यक्ष के समस्त पर्यवेक्षण के अधीन कृत्य करेगा और वह, –

(क) परिषद् के निर्देशन और मार्गदर्शन के अधीन शक्तियों का प्रयोग करेंगे,

(ख) परिषद् के मामलों के प्रशासन के लिए उत्तरदायी होगा,

(ग) परिषद् की सभी गतिविधियों पर समन्वय और सामान्य पर्यवेक्षण का प्रयोग करेगा;

Scanned with OKEN Scanner

(घ) परिषद् या उसके अधिकारियों या कर्मचारियों द्वारा या उसके विरूद्ध या अन्यथा परिषद के मामलों से संबंधित किसी भी न्यायालय या अर्ध–न्यायिक प्राधिकरण में वाद, अपील, समीक्षा, पुनर्विलोकन, पुनरीक्षण, रिट याचिका या अन्य कार्यवाही को संस्थित करने, संचालित करने, अंतःक्षेप करने, बचाव करने, परित्याग करने या समझौता करने के लिए सक्षम होगा;

(ङ) परिषद् द्वारा या उसके विरुद्ध किसी भी दावे या मांग को मध्यस्थता के लिए संदर्भित करने और वादी के लिखित बयान पर हस्ताक्षर करने और सत्यापित करने के लिए अधिनिर्णय का निरीक्षण करने और निष्पादित करने के लिए सक्षम होगा,

(च) वह याचिका, आवेदन, शपथपत्र, आपत्ति, अपील का ज्ञापन या किसी न्यायिक या अर्ध–न्यायिक प्राधिकरण या मध्यस्थ के समक्ष दायर की जाने वाली अन्य दलील देने और वकालतनामा पर हस्ताक्षर करने के लिए सक्षम होगा,

(छ) किसी न्यायिक या अर्द्ध न्यायिक प्राधिकारी के किसी निर्णय को लागू करना या किसी डिक्री या आदेश को निष्पादित करना या उसको संतुष्ट करना और ऐसी डिक्री या आदेश के निष्पादन में किसी भी न्यायालय, व्यक्ति या अन्य प्राधिकरण से धन प्राप्त करना या निकालना;

(ज) ऐसे सामान्य वित्तीय नियमों और मौलिक नियमों के प्रावधानों के अधीन निर्दिष्ट सभी वित्तीय शक्तियों का प्रयोग करेगा जो परिषद् के मामलों के संचालन के लिए लागू होते हैं;

(झ) सरकार या परिषद्, के पूर्व अनुमोदन से परिषद् में जैसा भी मामला हो, सभी नियुक्तियां में सहायता करेगा, प्रशासनिक, तकनीकी और गैर–तकनीकी अधिकारी और कर्मचारी और कर्तव्यों को निर्दिष्ट करेगा;

(ञ) विक्री, पट्टा, लाइसेंस, बंधक, दृष्टिबंधक, गिरवी, या विधिक स्वरूप के अन्य विलेख के संबंध में अनुबंध, सहयोग करार, सामान्य या विशेष लिखत, सेवा करार या करार में मध्यस्थता खंड, क्षतिपूर्ति बांड और विलेख निष्पादित करेगा;

(ट) कानूनी खर्च उठाना और परिषद् से संबंधित किसी भी मामले में, परिषद् के अभिकर्ता के रूप में कार्य करना;

(ठ) वार्षिक रिपोर्ट और सरकार द्वारा अपेक्षित, ऐसे अन्य विवरण या परिषद् की विवरणियां सरकार को प्रस्तुत करना;

Scanned with OKEN Scanner

(ड) परिषद् के सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेगा और इसके समक्ष ऐसी सभी जानकारी और दस्तावेज रखने के लिए उत्तरदायी होगा जो इसके कार्य के संचालन के लिए आवश्यक हों, अध्यक्ष के परामर्श से इसकी बैठक बुलाना, बैठक बुलाने के लिए नोटिस जारी कर सभी बैठकों के कार्यवृत्त रखना, परिषद् के आधिकारिक पत्राचार का संचालन करना और इसके दस्तावेजों को प्रमाणित करना;

(ढ) परिषद् के अभिलेख (रिकॉर्ड), सामान्य मुहर, धन तथा संपत्तियों की अभिरक्षा के लिए उत्तरदायी होगा।

(2) सचिव की लम्बी छुट्टी पर अनुपस्थिति पर, भारत या विदेश में प्रतिनियुक्ति या पद छोड़ने पर, इस नियमावली के प्रावधानों के अधीन कार्यों को करने की व्यवस्था और सचिव के कर्तव्यों की देख–रेख अध्यक्ष द्वारा की जाएगी।

सचिव के पद के लिए चयन प्रक्रिया

27. (1) सचिव के पद के लिए किसी व्यक्ति के चयन के प्रयोजन के लिए, सरकार एक तलाश–सह–चयन समिति का गठन करेगी जिसमें स्वास्थ्य, सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति, शिक्षा, प्रशासन या कानून के क्षेत्र से चुने गए तीन प्रतिष्ठित व्यक्ति सम्मिलित होंगे।

(2) तलाश–सह–चयन समिति उत्कृष्टता अनुभव तथा क्षमता के आधार पर तीन नामों के एक पैनल की सरकार से सिफारिश करेगी।

सचिव का वेतन

28. सचिव वेतन मैट्रिक्स रूपया 1,23,100–2,15,900 वेतन लेवल–13 (सातवें वेतन आयोग) के समकक्ष वेतन और अन्य भत्तों का हकदार होगा:

परन्तु यह कि किसी ऐसे व्यक्ति के सचिव के रूप में नियुक्ति के मामले में जो केंद्र सरकार या राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के अधीन सेवा से सेवानिवृत्त हो गया है और जो कोई भी सेवानिवृत्ति लाभ प्राप्त कर रहा है या प्राप्त कर चुका है या प्राप्त करने का हकदार हो गया है। अंशदायी भविष्य निधि या सेवानिवृत्ति लाभों के अन्य रूपों में पेंशन या ग्रेच्युटी या नियोक्ता के योगदान के माध्यम से, वेतन को पेंशन की सकल राशि या सेवा ग्रेच्युटी के बराबर पेंशन या अंशदायी भविष्य निधि में नियोक्ता के योगदान या सेवानिवृत्ति के किसी अन्य लाभ, यदि कोई हो, किन्तु सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी के बराबर उसके द्वारा आहरित या आहरित की जाने वाली पेंशन को छोड़कर कम किया जाएगा।

मंहगाई भत्ता

29. सचिव, वेतन मैट्रिक्स रूपया 1,23,100–2,15,900– वेतन लेवल 13 या उससे ऊपर का वेतन आहरित करने वाले

Scanned with OKEN Scanner

सरकार के समूह 'क' अधिकारी को अनुमन्य दरों पर अपने वेतन के उपयुक्त मंहगाई भत्ता पाने का हकदार होगा।

नगर प्रतिपूरक भत्ता

30. सचिव वेतन मैट्रिक्स रूपया 1,23,100–2,15,900– वेतन लेवल 13 या उससे ऊपर के सरकार के श्रेणी 'क' अधिकारी को अनुमन्य वेतन आहरित करने वाली दरों पर अपने वेतन के लिए उपयुक्त नगर प्रतिपूर्ति भत्ता पाने का हकदार होगा।

सचिव के रूप में नियुक्ति पर मौलिक सेवा से सेवानिवृत्ति

31. (1) जहां सचिव के रूप में नियुक्त किया जा रहा व्यक्ति, परिषद् में अपनी नियुक्ति की दिनांक पर, केंद्र सरकार या राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के अधीन सेवा में हो, परिषद् में अपनी नियुक्ति से पूर्व ऐसी सेवा से सेवानिवृत्ति लेगा।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट ऐसी सेवानिवृत्ति पर, सचिव, –

(क) सेवानिवृत्ति से पूर्व उस पर लागू सेवानिवृत्ति के नियमों के उपबंधों के अनुसार पेंशन और ग्रेच्युटी प्राप्त करने का हकदार होगा;

(ख) उसको अर्जित अवकाश को अग्रेनीत करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, लेकिन उसकी सेवानिवृत्ति से पूर्व, लागू नियमों के प्रावधानों के अनुसार अवकाश वेतन के बराबर नकद प्राप्त करने का हकदार होगा, यदि कोई हो।

अवकाश की पात्रता

32. (1) एक व्यक्ति, परिषद् में सचिव के रूप में नियुक्ति पर निम्नानुसार अवकाश का हकदार होगा:–

(क) सेवा के प्रत्येक पूर्ण कैलेंडर वर्ष के लिए पंद्रह दिनों की दर से अर्जित अवकाश,

(ख) सक्षम चिकित्सा अधिकारी के चिकित्सा प्रमाण पत्र पर या निजी मामलों में अवकाश पर सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के संबंध में बीस दिनों की दर से अर्द्ध वेतन अवकाश हेतु अवकाश तथा अर्जित अवकाश के दौरान स्वीकार्य अवकाश वेतन के आधे के बराबर होगा:

परन्तु यह कि अर्द्ध वेतन पर अवकाश को सचिव के विवेक पर पूर्ण वेतन अवकाश में परिवर्तित किया जा सकता है, यदि इसे चिकित्सा आधार पर लिया जाता है और सक्षम चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सा प्रमाण पत्र द्वारा समर्थित है;

(ग) एक कार्यकाल में एक सौ अस्सी दिनों की अधिकतम अवधि तक वेतन और भत्तों के बिना असाधारण अवकाश।

(2) जहां सचिव परिषद् में अपने अध्यासन के कारण पूर्ण अवकाश का उपभोग करने में असमर्थ है, वहां वह अवकाश खाते में अवकाश की अनुपयोगी अवधि को जोड़ने का हकदार होगा।

Scanned with OKEN Scanner

(3) सचिव उपनियम (3) के अधीन अवकाश वेतन पर अनुमन्य मंहगाई भत्ता परिषद् में पद छोड़ने की दिनांक को लागू दरों पर प्राप्त करने का हकदार होगा।

अवकाश स्वीकृति प्राधिकारी — 33. परिषद् के अध्यक्ष, सचिव को अवकाश स्वीकृत करने के लिए सक्षम प्राधिकारी होंगे।

यात्रा भत्ता — 34. यात्रा के दौरान सचिव, यात्रा भत्ते, दैनिक भत्ते, व्यक्तिगत चीजवस्त के परिवहन तथा अन्य समान प्रकरणों के लिए उसी मान और दरों पर हकदार होगा, जो वेतन बैण्ड–14 या उससे ऊपर वेतन पाने वाले सरकार के समूह 'क' अधिकारी को अनुमन्य है।

आवास — 35. (1) परिषद् में सचिव के रूप में नियुक्त प्रत्येक व्यक्ति सरकारी आवास के उपयोग के लिए सामान्य पूल आवास के प्रकार का सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर किराये के भुगतान पर पात्र होगा जो देहरादून में स्थित सरकार के अपर सचिव के स्तर के अधिकारी के लिए अनुमन्य है।

(2) जब सचिव को उपनियम (1) में निर्दिष्ट सामान्य पूल आवास प्रदान नहीं किया जाता है या वह स्वयं इसका उपयोग नहीं करता है, तो उसे प्रत्येक माह प्रचलित राज्य सरकार के नियमों के अनुसार भत्ता दिया जा सकता है।

(3) जहां सचिव अनुमेय अवधि से अधिक एक आधिकारिक निवास पर अधिभोग कर लेता है, वह अतिरिक्त अनुज्ञप्ति शुल्क या दंडात्मक किराए का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा, जैसा भी मामला हो और शासन के अपर सचिव पर लागू नियमों के अनुसार बेदखली के लिए पात्र होगा।

वाहन की सुविधा — 36. सचिव, सरकार के स्टाफ कार नियमावली के अनुसार सरकारी और निजी प्रयोजनों के लिए यात्रा के लिए स्टाफ कार की सुविधा के हकदार होंगे।

चिकित्सा उपचार की सुविधाएं — 37. सचिव और उनके आश्रित परिवार के सदस्य राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना के अधीन प्रदान की जाने वाली चिकित्सा उपचार और अस्पताल सुविधाओं के हकदार होंगे।

अवशिष्ट प्रावधान — 38. सचिव की सेवा की शर्तें जिनके लिए इस नियमावली में कोई स्पष्ट प्रावधान विनिर्दिष्ट नहीं है, सरकार के अपर सचिव पर तत्समय लागू आदेश और नियमों द्वारा निर्धारित की जायेगी।

अध्याय–5

राज्य रजिस्टर में वृत्तिक के नाम का पंजीकरण

वृत्तिक का पंजीकरण — 39. (1) (क) धारा 33 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करने वाला और योग्यता रखने वाला कोई भी व्यक्ति राज्य रजिस्टर में अपना नाम दर्ज करा सकता है;

Scanned with OKEN Scanner

(ख) आवेदक आवेदन प्रपत्र–2 में आवेदन पत्र भरेगा।

(2) आवेदक को उपनियम (1) में निर्दिष्ट पंजीकरण के लिए दो हजार रुपये शुल्क देना होगा।

(3) धारा 33 की उपधारा (3) के अधीन पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रपत्र–3 में वृत्तिक को दिया जायेगा।

(4) धारा 34 के अन्तर्गत पंजीयन का डुप्लीकेट प्रमाण पत्र भी प्रपत्र–2 में जारी किया जायेगा परन्तु 'पंजीकरण प्रमाण पत्र' शब्दों के स्थान पर 'डुप्लीकेट पंजीकरण प्रमाण पत्र' शब्द प्रतिस्थापित किया जायेगा।

(5) उपनियम (4) के अधीन डुप्लीकेट पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए शुल्क एक हजार रुपये होगा।

(6) धारा 35 की उपधारा (1) के अधीन पंजीकरण प्रमाण पत्र के नवीनीकरण के लिए शुल्क दो हजार रुपये होगा।

(7) धारा 35 की की उपधारा (1) तथा उपधारा (2) के परन्तुक के अधीन रजिस्टर में नाम की पुनः बहाली हेतु शुल्क दो हजार रुपये होगा।

(8) किसी भी डिग्री या प्रमाण पत्र या किसी अन्य अर्हता को जोड़ने के लिए, वृत्तिक को प्रपत्र–4 में परिषद् को आवेदन करना होगा और एक बार जोड़ने के लिए एक हजार रुपये शुल्क का भुगतान करना होगा।

(9) उपनियम (2) के अन्तर्गत पंजीयन शुल्क की राशि, उपनियम (4) के अन्तर्गत डुप्लीकेट पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त करने का शुल्क, उपनियम (6) के अन्तर्गत नवीनीकरण शुल्क, उपनियम (7) के अन्तर्गत नाम की पुनः बहाली शुल्क उपनियम (8) के अधीन किसी डिग्री या प्रमाण पत्र या किसी अन्य अर्हता को जोड़ने के शुल्क का भुगतान परिषद् के पक्ष में या तो उचित रसीद के साथ या नकद में या चेक या बैंक ड्राफ्ट द्वारा या डिजिटल लेनदेन द्वारा किया जाएगा।

(10) पंजीकृत वृत्तिक पंजीयन प्रमाण पत्र में किसी भी प्रकार की विसंगति एवं उसके पश्चात् अपने पते में किसी परिवर्तन की सूचना सचिव को देगा।

(11) पंजीकरण प्रमाण पत्र में कोई जोड़ या परिवर्तन या कांट–छांट नहीं की जायेगी और यदि ऐसा कोई जोड़ या परिवर्तन या कांट–छांट परिषद् की जानकारी में आती है या लायी जाती है, तो वृत्तिक अधिनियमों के प्रावधानों के अधीन दंडित होने के लिए उत्तरदायी होगा।

Scanned with OKEN Scanner

मान्यता और प्रवेश के लिए योजना का अनुमोदन

40\. (1) परिषद् धारा 40 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट उद्देश्यों के लिए इसे प्रस्तुत की गई योजना को इस नियमावली के अध्याय 3 में निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार योजना का अनुमोदन करेगी।

(2) उपनियम (1) के अधीन योजना के अनुमोदन के लिए, परिषद् केंद्र सरकार द्वारा धारा 40 की उपधारा (2) के खंड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियाँ का प्रयोग करते हुए बनाये गये नियम में विहित निर्धारित शुल्क के रूप में शुल्क लेगी।

अध्याय 6

राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख परिषद् निधि

निधि के प्रयोग की रीति

41\. (1) परिषद् के पास, अधिनियम और इस नियमावली के प्रावधानों के अधीन, ऐसी राशि खर्च करने की शक्ति होगी जो वह परिषद् को अधिनियम द्वारा प्राधिकृत उद्देश्य और प्रयोजन तथा प्रशासनिक खर्चों को पूरा करने के लिए उचित समझे, ऐसी राशि को परिषद् की निधि से व्यय के रूप में माना जाएगा।

(2) परिषद् के खाते में जमा समस्त धनराशि, जिसे उपनियम (1) के अनुसार तत्काल उपयोग में नहीं जाया जा सकता, को–

(क) भारतीय स्टेट बैंक या किसी अन्य अनुसूचित बैंक में जमा कर दिया जायेगा, और

(ख) सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश किया जाएगा,

स्पष्टीकरण– इस उपनियम में "अनुसूचित बैंक" का वही अर्थ है जो भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 2 के खण्ड (ङ) में है।

आरक्षित निधि

42\. परिषद् विद्यमान सुविधाओं या सेवाओं के विस्तार या नई सुविधाओं या सेवाओं का सृजन के प्रयोजनों के लिए या राजस्व में किसी अस्थायी कमी या क्षणिक कारणों से व्यय में वृद्धि के सापेक्ष या अधिनियम के अधीन कार्यों के निर्वहन में किसी भी पंजीकृत व्यक्ति के किसी भी कार्य या कृत्य से उत्पन्न होने वाले किसी दायित्व को पूरा करने के लिए निधि या निधियों के रूप में ऐसी राशि की जैसा कि वह उचित समझे, आरक्षित कर सकेगी।

ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से रूट की जाने वाली परिषद् की प्राप्तियां

43\. परिषद् की सभी प्राप्तियों को राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख आयोग के एक ऑनलाइन भुगतान पोर्टल के माध्यम से भेजा जाएगा और धारा 51 की उपधारा (2) में निर्दिष्ट रीति से लागू किया जाएगा।

वार्षिक वित्तीय अनुमानों की तैयारी

44\. (1) परिषद्, प्रत्येक वित्तीय वर्ष की शुरुआत से पूर्व इसके कार्यक्रम का एक विवरण के साथ–साथ आगामी वित्तीय वर्ष के दौरान गतिविधियों के साथ–साथ वित्तीय अनुमान भी तैयार करेगी।

Scanned with OKEN Scanner

(2) उपनियम (1) के अंतर्गत तैयार किया गया विवरण, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के प्रारंभ होने से कम से कम तीन माह पूर्व, सरकार को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

(3) परिषद् के विवरण और वित्तीय अनुमान सरकार के अनुमोदन से परिषद् द्वारा पुनरीक्षित किये जा सकेंगे।

लेखों और अभिलेखों का रखरखाव

45. परिषद् उचित लेखों और अन्य प्रासंगिक रिकॉर्ड को बनाए रखेगी और सरकार के वित्तीय नियमों के अनुसार लाभ और हानि खाते और बैलेंस–शीट सहित लेखों का वार्षिक विवरण तैयार करेगी।

अध्याय 7
विविध

वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना

46. धारा 53 के प्रावधानों के अधीन, सरकार द्वारा निर्दिष्ट दिनांक को या उससे पूर्व परिषद् प्रत्येक वर्ष सरकार को वार्षिक रिपोर्ट प्रपत्र–5 में प्रस्तुत करेगी, जिसमें अन्य मामलों के साथ–साथ अधिनियम के प्रावधानों और इस नियमावली के प्रावधानों द्वारा निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति की दिशा में उठाये गये कदम, इसके प्रशासन और कामकाज से संबंधित नीतिगत मामलों पर लिए गए निर्णयों, अनुसंधान, सेमिनारों, सम्मेलनों एवं कार्यशालाओं के प्रयोजनों के लिए अपने निधि और निधि निवेश, शुल्क संरचना के संबंध में सरकार को की गयी अनुशंसा, नवीन संस्थान की स्थापना की योजना की स्वीकृति या अस्वीकृति, प्रवेश क्षमता में वृद्धि, नये बैच के प्रवेश, शिक्षा के बुनियादी मामलों की निगरानी के लिए की गई कार्रवाई, राज्य रजिस्टर में दर्ज या हटाये गये पेशेवरों की संख्या और अधिनियम और इस नियमावली के कार्यान्वयन के लिए की गई अन्य कार्रवाई के संबंध में शासन को की गई संस्तुति सम्मिलित होगी।

शिकायत करने के लिए सक्षम व्यक्ति

47. धारा 60 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते

हुए, सचिव अधिनियम के प्रावधानों के अधीन किसी भी अपराध के संबंध में परिषद् की ओर से परिवाद करने के लिए सक्षम होगा।

विवरणियां और जानकारी

48. परिषद् सरकार को ऐसी रिपोर्ट, विवरणियां और अन्य जानकारी प्रस्तुत करेगी, जो सरकार द्वारा समय–समय पर अपेक्षित हो।

विद्यमान फैकल्टी एवं परिषद् हेतु प्रावधान

49. (1) उत्तराखण्ड राज्य में विद्यमान स्टेट मेडिकल फैकल्टी एवं परा चिकित्सा परिषद् को भंग किये जाने अथवा क्रियाशील रहने के सम्बंध में पृथक से दिशानिर्देश जारी किये जायेंगे।

Scanned with OKEN Scanner

(2) उत्तराखण्ड राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख परिषद् के कार्यो के सम्पादन हेतु मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित होने तक विद्यमान स्टेट मेडिकल फैकल्टी एवं परा चिकित्सा परिषद् में कार्यरत मानव संसाधन द्वारा ही उत्तराखण्ड राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख परिषद् के कार्यों को सम्पादित किया जायेगा।

संस्थानों एवं अभ्यर्थियो के पंजीकरण की वैधता

50. (1) इस नियमावली के लागू होने से पहले पूर्व परिषद् से सम्बद्ध संस्थानों के पंजीकरण, अंतिम पंजीकरण अथवा नवीनीकरण का दिनांक आगे पांच वर्ष तक वैध रहेगी। इन संस्थानों को नये नियमों के अनुसार अपने संस्थानों का उच्चीकरण एक वर्ष के भीतर करना होगा।

(2) किसी भी संस्थान का पंजीकरण जो इस नियमावली से आच्छादित है, का पंजीकरण केवल पांच वर्ष के लिए मान्य होगा, उसके पश्चात् यथाप्रक्रिया पुनः पंजीकरण कराना होगा।

(3) जो अभ्यर्थी पूर्व परिषद् में पंजीकृत हैं, वे इस नई परिषद् में स्वतः ही पंजीकृत समझे जायेंगे।

पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थियों का प्रवेश

51. किसी भी संस्थान में संबंधित पाठ्यक्रम में अभ्यर्थियों का प्रवेश विभिन्न नियामक संस्थानों/आयोगों एवं सम्बंधित चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय से अनुमोदन प्राप्त किये बिना (जहां आवश्यक हो), नहीं किया जायेगा।

अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु समय सारणी

52. उत्तराखण्ड सरकार से अनिवार्यता प्रमाण पत्र/अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि निर्गत किये जाने हेतु समय सारणी का निर्धारण चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय से समन्वय स्थापित कर चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा किया जायेगा।

संशोधन और निरसन की शक्ति

53. इस नियमावली में संशोधन अथवा इसका निरसन परिषद् की संस्तुति के आधार पर राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा।

अध्यक्ष, सदस्य, अधिकारियों और कर्मचारी का लोक सेवक होना

54. परिषद् के अध्यक्ष, सदस्य, अन्य अधिकारी और कर्मचारी के बारे में जब वे अधिनियम या इस नियमावली के उपबंधों के अनुसरण में कोई कार्य कर रहे हैं या उनका कार्य करना तात्पर्यित है, यह समझा जाएगा कि वे भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 2(32) के अर्थ के अन्तर्गत लोक सेवक हैं।

सद्भावनापूर्ण की गई कार्यवाही के लिए संरक्षण

55. कोई वाद या अन्य विधिक कार्यवाही, किसी ऐसी बात के बारे में, जो अधिनियम या इस नियमावली के उपबन्धों के अनुसार सद्भावनापूर्वक की गई है, या की जाने के लिए आशायित है, परिषद् के किसी अधिकारी या कर्मचारी के विरूद्ध संस्थित नहीं की जायेगी।

आज्ञा से,

डॉ0 आर0 राजेश कुमार,

सचिव।

अनुसूची

प्रपत्र–1

(नियम 17 (2) देखें)

प्रथम नियुक्ति पर और पद त्याग के समय वृत्तिक और वाणिज्यिक वचनबद्ध या सम्बद्धता का विवरण

कम. संख्या	संबंध	नाम	घोषणा की दिनांक से विगत तीन वर्ष में धारित वृत्तिक पद, यदि कोई है	घोषणा की दिनांक से विगत तीन वर्ष में धारित वाणिज्यिक वचनबद्ध सम्बद्धता यदि कोई है
	1	स्वयं		
	2	पति या पत्नी		
	3	आश्रित–1		
	4	आश्रित–2		
	5	आश्रित–3		

*यदि आवश्यक हो, तो और पवितयां जोड़े।

दिनांक

नाम एवं हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner

प्रपत्र–2

(नियम 39(1)(ख) देखें)

राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति के रजिस्टर में पंजीकरण हेतु आवेदन एवं जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र हेतु आवेदन

1. आवेदक का नाम
2. लिंग: पुरूष/महिला/अन्य
3. आयु
4. माता/पिता का नाम
5. क्या आप भारत के नागरिक हैं:
   क. जन्म से
   ख. अधिवास से

यदि हां, तो भारतीय नागरिक बनने का दिनांक:

6. जन्म दिनांक और स्थान
7. वर्तमान व्यवसाय और पता पिन कोड के साथ:
8. स्थायी पता पिन कोड सहित:
9. फोन नम्बर:
10. पंजीकरण के लिए शुल्क के भुगतान का विवरण:
11. सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख योग्यता से पहले/अन्य के अलावा योग्यता का विवरण:

शैक्षिक अर्हता	स्कूल/कालेज का नाम	बोर्ड/विश्वविद्यालय	उत्तीर्ण होने का वर्ष
दसवीं और समकक्ष			
उच्च माध्यमिक या समकक्ष			

12. सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख योग्यता का विवरण जिसके लिए पंजीकरण हेतु आवेदन किया गया है:

योग्यता का नाम	संस्थान/कालेज का नाम	विश्वविद्यालय	पाठ्यक्रम की अवधि (इंटर्नशिप के साथ)	इंटर्नशिप के अस्पताल / संगठन का नाम और पता	प्रवेश और उत्तीर्ण करने की दिनांक

13. अन्य कोई टिप्पणी/जानकारी जो आवेदक प्रस्तुत करना चाहता है।

दिनांक

टिप्पणी:

आवेदक के हस्ताक्षर

1. आवेदन पत्र ठीक से और साफ–साफ भरा होना चाहिए।

2. आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करने होंगे:

(क) डिग्री या डिप्लोमा मूल रूप में विश्वविद्यालय या महाविद्यालय के डीन या विश्वविद्यालय से अनंतिम प्रमाण पत्र, कि आवेदक डिग्री पाने के लिए पात्र है, साथ ही प्रमाणित प्रतियों सहित पंजीकृत प्रमाण पत्र के साथ अग्रेपित की जा सकती है।

(ख) विश्वविद्यालय के डीन द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की विधिवत् सत्यापित प्रति, (अनिवार्य प्रमाणिक क्रमवर्ती इंटर्नशिप),

(ग) अनंतिम पंजीकरण प्रमाण पत्र मूल रूप में,

(घ) दो नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटो सामने की ओर से।

(ङ) आवेदन के साथ उपलब्ध करायी गयी दो स्व–आसंजक पर्चियों पर हस्ताक्षर।

3. आवेदन शुल्क के रूप में आवेदन के साथ कुल पंजीकरण रूपया 2,000/– का भुगतान किया जाना है।

Scanned with OKEN Scanner

प्रपत्र–3

(नियम 39 का उपनियम (3) देखें)

उत्तराखण्ड राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति परिषद्

पंजीकरण का प्रमाणपत्र

प्रमाणपत्र संख्या ......यू0के0......

नाम

पिता/माता/पति का नाम

अस्पताल का पता

आवासीय पता

पंजीकरण की तिथि

पंजीकरण का स्थान

व्यवसाय का स्थान

अर्हता

अर्हता पूर्ण करने की तिथि

विश्वविद्यालय या संस्थान का नाम जिससे डिग्री, प्रमाण पत्र प्राप्त है

यदि डिग्री, प्रमाणपत्र किसी संस्थान से प्राप्त किया है, तो उक्त संस्थान किस विश्वविद्यालय से संबद्ध है:

यह प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर उल्लिखित नाम और अन्य विवरण राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति परिषद् के रजिस्टर में की गई प्रविष्टिया सही हैं।

(मुहर)

हस्ताक्षर

सचिव, उत्तराखण्ड राज्य सहवद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख परिषद्

देहरादून, दिनांकित

( )

संयुक्त सचिव।

प्रपत्र 4

(नियम 39 का उपनियम (8) देखें)

आवेदन पत्र

उत्तराखण्ड राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्ति परिषद् नियमावली, 2025 अधीन अतिरिक्त अर्हता का पंजीकरण

1- वृत्तिक का नाम:

2- प्राथमिक अर्हता पंजीकरण संख्या:

3- प्राप्त करने के वर्ष के साथ प्राथमिक पंजीकृत अर्हता:

4- पता और फोन नं. जैसा कि रजिस्टर में अंकित है।

5- राज्य परिषद् जिसके साथ पूर्व से पंजीकृत (यदि कोई हो):

6- पिन कोड और फोन नंबर के साथ बड़े अक्षरों मे वर्तमान पता :

7- पिन कोड और फोन नंबर के साथ बड़े अक्षरों में स्थायी पता:

8- अतिरिक्त अर्हता का विवरण जिसके लिए आवेदन किया गया है:

अर्हता का नाम	विद्यालय / संस्थान का नाम	विश्वविद्यालय	पाठ्यक्रम की अवधि (प्रशिक्षण सहित)	अस्पताल / प्रशिक्षण संस्थान का नाम और पता	प्रवेश और उत्तीर्ण की दिनांक

दिनांक

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

घोषणा

मैं सत्यनिष्ठा से पुष्टि और घोषणा करता हूं कि मेरे द्वारा की गई उपरोक्त प्रविष्टियां सत्य हैं।

दिनांक

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

नाम

Scanned with OKEN Scanner

प्रपत्र 6

(नियम 40 देखें)

सहबद्ध स्वास्थ्य देख–रेख व्यवसायों के लिए राज्य परिषद् की वार्षिक रिपोर्ट

वर्ष....................

1 प्रस्तावना

2– परिषद् का गठन

3– परिषद्

4– परिषद् के उद्देश्य

5– परिषद् के कार्य

6– सलाहकार परिषद् (यदि कोई हो)

7– सलाहकार परिषद् की सिफारिशें

9– वृत्तिक परिषद्

10– विभिन्न व्यवसायिक श्रेणियों के अधीन प्रत्येक व्यवसाय के संबंध में पाठ्यक्रम का मानकीकरण और अभ्यास का उल्लेख

11– कार्य स्थानांतरण (टास्क शिफ्टिंग)

12– सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख का पंजीकरण

13– अपील

14– संस्थाओं का प्रत्यायन और रेटिंग

15– सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख शिक्षा प्रणाली का विकास (राज्य वितरण सहित)

(क) विश्वविद्यालय / संस्थान / महाविद्यालय

(ख) संकाय संख्या

(ग) छात्रों का नामांकन

(घ) स्नातक छात्र

(ड.) रोजगार आंकड़े (चालू वर्ष में अतिरिक्त कार्य, रोजगार रहित छात्रों का प्रतिशत आदि)

(च) विश्वविद्यालय, संस्थानों में अनुसंधान विकास

(छ) सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख शिक्षा के विकास पर संघनित सांख्यिकी

16– निजी संस्थानों एवं डीम्ड विश्वविद्यालयों में सीटों का शुल्क निर्धारण हेतु दिशा–निर्देश।

17– सामान्य प्रवेश परीक्षा

18– एग्जिट–कम–लाइसेंसिंग परीक्षा

19– राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा

20– राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख के बुनियादी ढांचे के लिए मानव संसाधन सहित स्वास्थ्य सेवा का आंकलन और इसके विकास के लिए रोड मैप।

21– वेबसाइट

22– विधिक मामले

23– सतर्कता

24– सूचना का अधिकार

25– वार्षिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट सहित लेखा एवं प्रतिष्ठान

26– प्रकाशन

27– विविध

दिनांक

Scanned with OKEN Scanner

(सचिव)	(अध्यक्ष)
उत्तराखण्ड राज्य सहबद्ध स्वास्थ्य देख–रेख परिषद	उत्तराखण्ड राज्य सहबद्ध स्वास्थ्य देख–रेख परिषद

आज्ञा से,

डॉ0 आर0 राजेश कुमार,

सचिव।

In pursuance of the provisions of Clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification No. **164/XXVIII(6)2025(E-77484)**, dated August 07, 2025 for general information:

No. 164/XXVIII(6)2025(E-77484)

Dated Dehradun, August 07, 2025

NOTIFICATION

In exercise of the powers conferred by section 68 of the National Commission for Allied and Healthcare Professions Act, 2021 (14 of 2021), for work conduct of the Uttarakhand State Council for Allied and Healthcare Professions, the Governor hereby makes the following rules, namely: -

The Uttarakhand State Council for Allied and Healthcare Professions Rules, 2025

CHAPTER-I

General

Short title and commencement

1. (1) These rules may be called the Uttarakhand State Council for Allied and Healthcare Professions Rules, 2025.

(2)It shall come into force on the date of publication in the Official Gazette.

Definitions

2. (1) In these rules, unless the context otherwise requires, -

(a) "Act" means the National Commission for Allied and Healthcare Professions Act, 2021 (14 of 2021);

(b) "Chairperson" means the Chairperson of the State Council;

(c) "Council" means the Uttarakhand State Council for Allied and Healthcare Professions constituted

under sub-section (1) of section 22 of the Act;

(d) **"Form"** means the Form annexed to these rules;

(e) **"Government"** means the State Government of Uttarakhand;

(f) **"Member"** means a Member of the State Council;

(g) **"Notification"** means a notification published in the Official Gazette of the State of Uttarakhand;

(h) **"Secretary"** means the Secretary of the Council appointed under sub-section (1) of section 28 of the Act;

(i) **"Section"** means the section of the Act;

(2) words and expressions used herein and not defined in these rules but defined in the Act shall have the meaning respectively assigned to them in the Act.

CHAPTER-II

ESTABLISHMENT OF UTTARAKHAND ALLIED AND HEALTHCARE COUNCIL

Establishment of Council 3. (1) In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 22 of Act, the Government shall, by notification, establish a Council to be known as the Uttarakhand State Council for Allied and Healthcare Professions consisting of a Chairperson and seven Members.

(2) The Headquarter of the Council shall be at Dehradun.

(3) The Chairperson shall be a person having qualifications and experience referred to in clause (a) of sub-section (3) of section 22.

(4) Members of the Council shall be appointed in the manner referred to in clauses (b) to (f) of sub-section (3) of section 22.

(5) A Member to be nominated under clauses (e) and (f) of sub-section (3) of section 22 shall be the person, in the opinion of the Government, of

good ability, administrative capacity and integrity, having his name registered in the register concerned and renown in the field of allied and healthcare profession, possessing a Post Graduate degree in any profession of recognized category of allied and healthcare sciences from any recognized University or Institution with experience of not less than fifteen years in the field of allied and healthcare sciences.

(6) The Chairperson and nominated Members shall be appointed for term referred to in sub-section (1) of section 23.

(7) Members to be nominated under sub rule (5) shall be appointed by rotation from amongst recognized allied and healthcare professions in english alphabetical order.

Nomination of Chairperson of Council

4. (1) The Chairperson of the Council shall be nominated on the recommendation of a Search Cum Selection Committee.

(2) The Search cum selection committee constituted by the State Government shall consist of the following members, namely-,

(i) Additional Chief Secretary/ Principal Secretary/ Secretary Medical Education Department- Chairperson;

(ii) Vice Chancellor, H.N.B. Uttarakhand Medical Education University- Member;

(iii) One specialist who own's minimum 100 bed hospital in Uttarakhand State- Member;

(iv) One specialist shall nominated from outside the Uttarakhand State (AIIMS)- Member;

(v) One specialist from State Medical Colleges situated in the State by rotation from Professor Cadre- Member;

(vi) Director General, Medical Education- Convener /Member;

Nomination of expert of the Search cum Selection Committee

5. Nomination of expert of the Search cum Selection Committee shall be done by Director General, Medical Education who shall send a panel of names for approval of the Minister of Medical Education who may as necessary amend the list before nominating the experts.

Procedure for nomination of Chairman of the Council
